बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

संचिका सं0–03 / भू0अ0नि0 (5) अपील–09 / 2022.......... 4639 दि0 16/12/2022

आदेश

प्रस्तुत अपील ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी मो0 मोखतार आलम (Emp. ID No.- AEN02839), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0– 1618 दिनांक– 02.07.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सूचना निर्गत किया गया है। अपीलार्थी को सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ई–मेल के द्वारा दी गई है। उभयपक्ष उपस्थित। निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा अपीलार्थी के अपील पर अपना मंतव्य दाखिल किया गया। अपील में उभयपक्षों को सुनकर आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी का कथन है कि मौजा–नागडीह, थाना नं0–457 का किस्तवार कार्य 06 माह से लम्बित है, जो बिल्कुल निराधार है, क्योंकि उक्त मौजा का सर्वेक्षण कार्य मुझसे संबंधित नहीं है, यह किसी अन्य कर्मी से संबंधित है। मौजा– धरहरा, थाना नं0–429 का सर्वेक्षण कार्य मेरे द्वारा किया जा रहा है, जो कि बहुत बड़ा मौजा है, जिसका C.S खेसरा 3840 एवं किस्तवार पूर्ण उपरान्त S.S खेसरों की संख्या 9298 है, जब मौजा–धरहरा का किस्तवार कार्य प्रारंभ किया गया तब से वर्षा ऋतु तक उक्त मौजा का अधिकांश भाग जलमग्न रहता है, परन्तु मेरे द्वारा इस विपरीत परिस्थिति में भी पूर्ण कर्त्तव्य निष्ठा के साथ विभागीय हित में कार्य को जारी रखा गया है। मेरी प्रतिनियुक्ति पंचायत चुनाव में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में किया गया। उक्त समय किस्तवार कार्य पूर्ण रूप से बाधित रहा। शिविर प्रभारी के कार्यालय आदेश द्वारा किस्तवार कार्य 30 अप्रैल, 2022 तक पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया था। जिसके आलोक में किस्तवार कार्य दिनांक– 04.05.2022 को पूर्ण कर लिया गया है। निदेशालय पत्रांक– 1618 दिनांक–02.07.2022 द्वारा मौजा–धरहरा, थाना नं0– 429 का किस्तवार कार्य 12 माह से अधिक समय से लंबित तथा मौजा–नागडीह, थाना नं0–457 का किस्तवार कार्य 05 माह से लबित है, के आधार पर मेरा संविदा अनुबंध रद्द कर दिया गया है।

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना ने अपने प्रतिउत्तर (मंतव्य) में स्पष्ट किया है कि दिनांक– 05.05.2022 को बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा में की गई विशेष सर्वेक्षण कार्यों की समीक्षोपरान्त मो0 मोखतार आलम द्वारा मौजा–धरहरा, थाना नं0–429 का किस्तवार कार्य 01 वर्ष की लम्बी अवधि में भी पूर्ण नहीं किया गया है। मो0 आलम द्वारा समीक्षात्मक बैठक में इस कृत्य के लिए कोई उत्तर नहीं दिया गया। निदेशालय पत्रांक–1094 दिनांक– 11.05.2022 द्वारा मो0 आलम को कार्य में शिथिलता बरतने एवं अभिरूचि नहीं लेने के कारण तीन दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश ई–मेल द्वारा दिया गया। मो0 मोखतार आलम द्वारा प्राप्त स्पष्टीकरण पर नोडल पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गई। प्राप्त मंतव्य पर अधोहस्ताक्षरी के समीक्षा में पाया गया कि मो0 आलम द्वारा मौजा–धरहरा का किस्तवार कार्य 01 वर्ष की लंबी अवधि में भी पूर्ण नहीं किया गया है।

उक्त विवेचना से स्पष्ट होता है कि मो0 आलम द्वारा विशेष सर्वेक्षण कार्यों में रूचि नहीं ली जा रही है एवं इनके द्वारा इतने महत्त्वपूर्ण कार्यों में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। निदेशालय द्वारा पूछे गए स्पष्टीकरण में मो0 आलम ने कोई ठोस कारण/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिसके कारण इनका संविदा रद्द किया गया है।

उभयपक्षों के सुनने एवं अभिलेख के अवलोकन से स्पष्ट है कि मो0 मोखतार आलम द्वारा मौजा–धरहरा, थाना नं0–429 का किस्तवार कार्य 01 वर्ष की लंबी अवधि में भी पूर्ण नहीं किया गया है।

ज्ञातव्य हो कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे समय–सीमा के अंदर पूरा किया जाना है। उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि मो0 मोखतार आलम के कार्यों की उपलब्धि/नियमावली में वर्णित समय–सीमा के विपरीत है।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि मो0 मोखतार आलम को बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों में रूचि नहीं लेने तथा इनके कृत्य से भू–सर्वेक्षण कार्य एवं अन्य कर्मियों पर इसके कुप्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा मो0 आलम को संविदा अनुबंध रद्द की गई है, इसमें किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

मो0 मोखतार आलम (Emp. ID No.- AEN02839), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा दायर अपील अभ्यावेदन को अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

E-Mail

ज्ञापांक:– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–09/2022 4639 **पटना, दिनांक** :– 16/12/2022

प्रतिलिपि:– मो0 मोखतार आलम (Emp. ID No.- AEN02839), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, नालंदा, Email- mokhtaralam99@gmail.com, अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

ज्ञापांक:– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–09/2022 4639 **पटना, दिनांक** :– 16/12/2022

प्रतिलिपि:– बन्दोबस्त पदाधिकारी, नालंदा/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), नालंदा को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–09/2022 4639 **पटना, दिनांक** :– 16/12/2022

प्रतिलिपि:– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–09/2022 4639 **पटना, दिनांक** :– 16/12/2022

प्रतिलिपि:– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

13/12/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप